मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में गठित राष्ट्रीय कृषि विकास योजना–रफ्तार (RKVY-RAFTAAR)की राज्य स्तरीय स्वीकृति समिति (SLSC) की सम्पन्न 30वीं बैठक दिनांक 16 जून 2020 का कार्यवृत्त।

बैठक में उपस्थित अधिकारियों की सूची संलग्न।

राष्ट्रीय कृषि विकास योजना–रफ्तार की राज्य स्तरीय स्वीकृति समिति (State Level Sanctioning Committee) की 30वीं बैठक दिनांक 16 जून, 2020 को मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में कृषि उत्पादन आयुक्त, उ0प्र0 शासन, प्रमुख सचिव, कृषि, पशुपालन, मत्स्य, दुग्ध विकास, समन्वय, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा प्रतिभाग किया गया। भारत सरकार के प्रतिनिधि के रुप में डा0 मान सिंह, निदेशक, भारत सरकार, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग, गन्ना विकास निदेशालय, केन्द्रीय भवन, अलीगंज, लखनऊ द्वारा प्रतिभाग किया गया। इसके अतिरिक्त विशेष सचिव, वित्त, नियोजन, कृषि, पंचायतीराज, सिंचाई एवं जल संसाधन, ऊर्जा, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, ग्राम्य विकास एवं रेशम उ0प्र0 शासन, निदेशक, कृषि, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण, पशुपालन, मत्स्य, उ0प्र0 बीज प्रमाणीकरण संस्था, राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान, रेशम एवं मुख्य अभियंता, लघु सिंचाई विभाग के साथ–साथ कृषि एवं सम्वर्गीय क्षेत्र के अन्य विभागों, कृषि विश्वविद्यालय एवं शोध संस्थाओं के कुलपति, वरिष्ठ वैज्ञानिकों/अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

I. समिति के सदस्य सचिव, प्रमुख सचिव(कृषि), उ0प्र0 शासन द्वारा अध्यक्ष की अनुमति से बैठक का शुभारम्भ करते हुए मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन/अध्यक्ष, राज्य स्तरीय स्वीकृति समिति के साथ–साथ उपस्थित समिति के समस्त सदस्यों का स्वागत किया गया। तदोपरान्त् अवगत कराया गया कि राष्ट्रीय कृषि विकास योजना एक अम्ब्रेला स्कीम है। योजना के मुख्य घटक के रूप में आर0के0वी0वाई0–सामान्य, जिसके तहत कृषि एवं सम्वर्गीय विभागों के कार्यक्रम सम्मिलित किए जाते हैं। इसके अतिरिक्त भारत सरकार की प्राथमिकताओं के अनुसार उपयोजनाओं यथा बी0जी0आर0ई0आई0, सी0डी0पी0–ओ0जी0आर0एस0, सी0डी0पी0–टी0आर0 एवं एनीमल हेल्थ सब–स्कीम के रूप में कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। वर्ष 2007–08 से वर्ष 2014–15 तक आर0के0वी0वाई0 100 प्रतिशत केन्द्रॉश के फण्डिंग पैटर्न पर संचालित की गई। वर्ष 2015–16 से योजना 60:40 (केन्द्रांशःराज्यांश) के फण्डिंग पैटर्न पर संचालित की जा रही है।

II. आर0के0वी0वाई0–सामान्य के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2020–21 के लिए भारत सरकार स्तर से रु0 556.48 करोड़ (केन्द्रांश रू0 333.89 करोड़ एवं राज्यांश रु0 222.59 करोड़) का एलोकेशन प्राप्त हुआ है। इसके अतिरिक्त उपयोजनाओं हेतु बी0जी0आर0ई0आई0–70.63 करोड़, सी0डी0पी0–आर0आर0–रू0 42.70 करोड़, सी0डी0पी0–टी0आर0–रू0 0.96 करोड सहित कुल रू0 113.76 करोड़ (60:40) का एलोकेशन प्राप्त हुआ है। इस प्रकार अब तक रू0 670.24 करोड़ का एलोकेशन प्राप्त हो चुका है। एनीमल हेल्थ सब–स्कीम हेतु एलोकेशन भारत सरकार स्तर से प्रतीक्षित है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2020–21 में एडीशनल फाडर डेवलपमेन्ट प्रोग्राम (AFDP) उपयोजना बन्द कर दी गयी है।

III. एस0एल0पी0एस0सी0 की बैठक दिनाँक 06.03.2020 में कुल धनराशि रू0 747.05 करोड़ (आर0के0वी0वाई0–सामान्य रू0 576.88 करोड़ एवं उपयोजनाएं रू0 170.16 करोड़) की 65 परियोजनायें वर्ष 2020–21 के लिए संस्तुत की गयी है। संस्तुत परियोजनाओं के संशोधित डी0पी0आर0 लागत रू0 734.63 करोड़ भारत सरकार के अनुमोदनार्थ दिनांक 12–13.05.2020 में प्रेषित किये जा चुके हैं। इसके अतिरिक्त कृषि विश्वविद्यालय, कानपुर, अयोध्या, बॉदा, प्रयागराज एवं आई0आई0टी0–कानपुर के एग्री विजनेस इन्क्यूवेशन सेण्टरर्स के 05 परियोजना प्रस्ताव कुल लागत रू0 40.89 करोड़ एवं वर्ष 2020–21 हेतु रू0 29.92 करोड़ के डी0पी0आर0 भी भारत सरकार के अनुमोदनार्थ प्रेषित हैं। समस्त प्रस्ताव समिति के विचारार्थ प्रस्तुत किये गये हैं। भारत सरकार के पत्र दिनांक 09.06.2020 के द्वारा परियोजनाओं के सम्बन्ध में अभिमत उपलब्ध कराये गये हैं, परन्तु अभी कुछ परियोजनाओं पर भारत सरकार के अभिमत प्रतीक्षित हैं।

1. समिति की गत बैठक दिनांक 17.10.2019 के कार्यवृत्त की पुष्टिः–

समिति को अवगत कराया गया कि एस0एल0एस0सी0 की गत बैठक दिनांक 17.10.2019 को सम्पन्न हुई थी। बैठक का कार्यवृत्त शासन के पत्र सं0–1543/12–3–2019–100(04)/2019 दिनांक 06.11.2019 के द्वारा समिति के समस्त सदस्यों तथा सम्बन्धित विभागों को उपलब्ध कराया गया है। बैठक के कार्यवृत्त के किसी भी प्रस्तर/अंश के सम्बन्ध में कोई टिप्पणी/आपत्ति प्राप्त नहीं हुई है। तदोपरान्त् समिति द्वारा एस0एल0एस0सी0 की गत बैठक दिनांक 17.10.2019 के कार्यवृत्त की पुष्टि की गई।

2. समिति की गत बैठक के कार्यवृत्त में लिए गए निर्णयों/निर्देशों पर परिपालन की स्थितिः–

समिति को अवगत कराया गया कि एस0एल0एस0सी0 की बैठक दिनांक 17.10.2019 के कार्यवृत्त में दिए गये निर्णयों एवं निर्देशों के अनुसार सामान्यतः समस्त बिन्दुओं पर परिपालन कराया गया है। समिति द्वारा प्रस्तरवार परिपालन की स्थिति का संज्ञान लिया गया एवं कार्यवृत्त के निम्नानुसार प्रस्तरों पर यथा–निर्देश कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये :–

कार्यवृत्त प्रस्तर	परिपालन आख्या	अग्रेतर निर्देश
2.i. गत बैठक दिनांक 21.05.2019 के कार्यवृत्त प्रस्तर 2–अ पर आर0के0वी0वाई0 के अन्तर्गत सहकारिता विभाग द्वारा वर्ष 2013–14 एवं 2014–15 में 250 मी0 टन के भण्डारण क्षमता के निर्मित 10 गोदामों का 10 दिन के अन्दर डब्लू0डी0आर0ए0 से प्रमाणन कराकर कृषि विभाग को अवगत कराना सुनिश्चित करें तथा विलम्ब के लिये दोषी अधिकारियों/कर्मचारियों का उत्तरदायित्व निर्धारित कर अवगत कराया जाय।	सहकारिता विभाग के स्तर से परिपालन आख्या अपेक्षित है।	समिति द्वारा दिनांक 25.06.2020 तक परिपालन आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये।
2.ii. विभिन्न विभागों के स्तर से बार–बार स्वीकृतियॉ जारी न कराने तथा प्रक्रिया के सरलीकरण के सम्बन्ध में प्रमुख सचिव, वित्त विभाग, उ0प्र0 शासन के साथ पृथक से मुख्य सचिव उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में बैठक कराकर यथाशीघ्र निर्णय कराया जाए।	समिति के निर्देशों के क्रम में शीघ्र ही पृथक से बैठक आयोजित करा ली जाएगी।	समिति द्वारा प्रक्रिया के सरलीकरण के सम्बन्ध में यथाशीघ्र बैठक आयोजित कर यथोचित निर्णय कराने के निर्देश दिये गये।

कार्यवृत्त प्रस्तर	परिपालन आख्या	अग्रेतर निर्देश
2.iii. वर्ष 2017–18 से 2019–20 तक संचालित परियोजनाओं के स्वतन्त्र थर्ड पार्टी मूल्यांकन हेतु ई–टेण्डर करा कर संस्थाओं का चयन यथा–शीघ्र कराया जाए।	समिति के निर्देशों के क्रम में ई–टेण्डरिग की कार्यवाही दिनांक 31.07.2020 तक करा ली जायेगी।	दिनांक 31.07.2020 तक ई–टेण्डर प्रक्रिया पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये।
2.iv- गत बैठक दिनांक 21.05.2019 के कार्यवृत्त प्रस्तर 5.8–i पर पी0सी0डी0एफ0 के स्तर पर उपलब्ध रू0 450.47 लाख की धनराशि वापस करने एवं ब्याज की धनराशि रू0 140.02 लाख के उपयोग के सम्बन्ध में भारत सरकार एवं वित्त विभाग, ए0प्र0 शासन के अनुमोदनानुसार वापसी करने के निर्देश दिये गये।	भारत सरकार एवं वित्त विभाग के निर्देशानुसार रू0 150.47 लाख की धनराशि वापस कर दी गयी है। नोएडा प्लान्ट की धनराशि रू0 300.00 लाख का व्यय कराते हुए यू0सी0 प्राप्त करा दिया गया है। समिति का संज्ञान अपेक्षित है।	समिति द्वारा परिपालन का संज्ञान लिया गया।
2.v- उ0प्र0 पशुधन विकास परिषद की Strengthening and expansion of liquid nitrogen and frozen semen dozes procurement storage and supply chain Part-ii परियोजना लागत रू0 300.00 लाख के क्रियान्वयन में विलम्ब के लिये दोषी अधिकारी/कर्मचारी का उत्तरदायित्व निर्धारित करने के निर्देश दिये गये।	परिषद के स्तर से कार्यवाही अपेक्षित है।	समिति द्वारा दिनांक 25.06.2020 तक परिपालन आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये।
2.vi- सहकारिता विभाग की Construction of PACS godown under RKVY लागत रू0 3200.00 लाख के क्रियान्वयन में विलम्ब के लिये दोषी अधिकारी/कर्मचारियों का उत्तरदायित्व निर्धारित करने के निर्देश दिये गये।	सहकारिता विभाग के स्तर से परिपालन अपेक्षित है।	समिति द्वारा दिनांक 25.06.2020 तक परिपालन आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये।

3. वर्ष 2019–20 की प्रगति की स्थिति :–

i- गत वर्ष 2019–20 में कुल रू0 718.86 करोड़ की उपलब्धता रही। उपलब्ध धनराशि के सापेक्ष रू0 646.51 करोड़ की वित्तीय स्वीकृतियॉ निर्गत की गयी। निर्गत स्वीकृतियों के सापेक्ष कोषवाणी के अनुसार रू0 517.02 करोड़ का व्यय कराया गया, जो कि निर्गत स्वीकृतियों का 80 प्रतिशत है। दिनांक 01.04.2020 को अप्रयुक्त केन्द्रॉश के रूप में रू0 121.15 करोड़ की धनराशि अप्रयुक्त रही। भारत सरकार के पत्र दिनांक 15.04.2020 के द्वारा वर्ष 2019–20 के अप्रयुक्त केन्द्रॉश रू0 112.38 करोड़ का रिवेलीडेशन वर्ष 2020–21 में व्यय हेतु कर दिया गया है। समिति द्वारा वर्ष 2019–20 की प्रगति का संज्ञान लिया गया।

ii- उक्त क्रम में सम्बन्धित विभागों/संस्थाओं को निर्देश दिये गये कि वर्ष 2019–20 में व्यय की गयी धनराशि के सापेक्ष अन्तिम भौतिक एवं वित्तीय प्रगति तथा उपयोगिता प्रमाण–पत्र प्राथमिकता पर नोडल विभाग (कृषि विभाग) को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

iii- वर्तमान वित्तीय वर्ष 2020–21 में गत वर्ष के पुनर्वैध केन्द्रॉश रू0 112.38 करोड़ में 40 प्रतिशत राज्यॉश रू0 74.92 करोड़ को सम्मिलित करते हुए रू0 187.30 करोड़ की धनराशि स्वीकृतियों हेतु उपलब्ध है। सम्बन्धित विभागों की मॉग के अनुसार अब तक रू0 91.59 करोड़ की स्वीकृतियों के प्रस्ताव शासन को भेजे गये हैं। वित्त विभाग की सहमति से शासन द्वारा रू0 7.37 करोड़ की वित्तीय स्वीकृतियॉ निर्गत

की जा चुकी हैं। शासनादेश दिनांक 18.05.2020 के द्वारा कोविड–19 के दृष्टिगत मितव्ययता बरतने के निर्देशों के क्रम में माहवार मॉग के अनुसार फेजिंग में राज्यॉश के साथ वित्तीय स्वीकृति निर्गत की जा रही हैं।

iv- उपरोक्त स्थिति पर अध्यक्ष द्वारा वित्त विभाग के प्रतिनिधि को निर्देश दिये गये कि राज्य सेक्टर की योजनाओं में कोविड–19 के कारण से मितव्ययता के दृष्टिगत माहवार फेजिंग के अनुसार स्वीकृतियॉ निर्गत करायी जाय। केन्द्र पोषित योजनाओं यथा आर0के0वी0वाई0 के अन्तर्गत उपलब्ध पुनर्वैध धनराशि रू0 187.30 करोड़ तथा भारत सरकार स्तर से केन्द्रॉश की प्रथम किश्त प्राप्त होने पर समस्त वित्तीय स्वीकृतियॉ 60:40 (केन्द्रॉश : राज्यॉश) के फण्डिग पैटर्न पर प्राथमिकता पर निर्गत कर दी जाय।

v- समिति द्वारा यह निर्देश भी दिये गये कि वर्तमान वित्तीय वर्ष 2020–21 में भारत सरकार द्वारा मात्राकृत शत्–प्रतिशत केन्द्रॉश प्राप्त करने की दिशा में प्रभावी कार्यवाही की जाय। इस हेतु समस्त सम्बन्धित विभाग संचालित परियोजनाओं का क्रियान्वयन तीव्र गति से कराते हुए पुनर्वैध धनराशि का शत्–प्रतिशत व्यय दिनांक 30.09.2020 तक कराना सुनिश्चित करें। साथ ही प्रत्येक दशा में प्रथम किश्त की धनराशि का 60 प्रतिशत व्यय की व्यवस्था भी सुनिश्चित करायी जाय।

vi- एजेण्डा के पृष्ठ संख्या–30 पर दिये गये विवरण के अनुसार विभिन्न विभागों के स्तर से वर्ष 2014–15 से वर्ष 2018–19 तक के रू0 45.26 करोड़ के उपयोगिता प्रमाण पत्र अपेक्षित हैं, जिस पर अध्यक्ष द्वारा रोष व्यक्त किया गया। विभागवार लम्बित उपयोगिता प्रमाण–पत्रों का विवरण निम्नवत् है :–

(Rs. in lakh)

S. N.	Department/ Institute	Yearwise Required UC			Total U.C. required
		Upto 2014-15	2017-18	2018-19	
1	PDDU, Mathura		219.73	630.30	850.03
2	ANDUAT, Ayodhya	46.51	9.54	1148.73	1204.78
3	CSAUAT, Kanpur		1.50		1.50
4	SVBPUAT, Meerut		228.40	143.93	372.33
5	B.H.U.Varanasi			393.28	393.28
6	Beej Vikas Nigam			160.39	**160.39**
7	Mandi Parishad			560.46	**560.46**
8	MGKVKGorakhpur			464.18	**464.18**
9	IISR Lucknow			83.22	**83.22**
10	CSSRI Lucknow			50.00	**50.00**
11	CISH Lucknow			9.08	**9.08**
12	Agriculture			376.84	**376.84**
Total		**46.51**	**459.17**	**4020.41**	**4526.09**

उपरोक्त के क्रम में समिति द्वारा निम्नवत् निर्देश दिए गए :–

अ– समस्त सम्बन्धित विभाग/संस्थाएं वर्ष 2014–15 से 2017–18 तक लम्बित उपयोगिता प्रमाण–पत्र दिनांक 30.06.2020 तक कृषि विभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा उक्त धनराशि को वापस कर दिया जाये।

ब– वर्ष 2018–19 के लम्बित उपयोगिता प्रमाण–पत्र दिनांक 31.07.2020 तक अनिवार्य रूप से कृषि विभाग को उपलब्ध करा दिये जाय।

स– जिन विभागों/संस्थाओं द्वारा निर्धारित समय में उपयोगिता प्रमाण–पत्र उपलब्ध नहीं कराये जायेंगे, भविष्य में उनके परियोजना प्रस्तावों का वित्त पोषण पर विचार नहीं किया जायेगा।

4. पूर्व अनुमोदित परियोजनाओं में प्रस्तावित संशोधनों पर विचार :–

एजेण्डा–4 पर समिति के समक्ष कृषि, पशुपालन, उ0प्र0पशुधन विकास परिषद, रेशम एवं राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान–रहमानखेड़ा की एस0एल0एस0सी0 से पूर्व अनुमोदित परियोजनाओं में कतिपय संशोधन के प्रस्ताव प्रस्तुत किये गये। समिति द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त दिये गये निर्णयों/निर्देशों का विवरण निम्नवत है :–

4.1- कृषि विभाग :–

i- **Organization of two days workshop on "Zero budget natural farming" परियोजना लागत रू0 15.00 लाख :–** एस0एल0पी0एस0सी0 की बैठक दिनांक 06.03.2020 में परियोजना के अन्तर्गत लखनऊ में 02 दिवसीय कार्यशाला के स्थान पर कानपुर में दिनांक 22.01.2020 को आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला के सम्बन्ध में एस0एल0एस0सी0 के कार्योत्तर अनुमोदन की संस्तुति की गयी है। भारत सरकार के अभिमत ''परियोजनान्तर्गत 02 दिन के प्रस्तावित लक्ष्य एक दिन में पूर्ण हो जायेंगे का प्रमाणन करने के'' निर्देश के साथ सपोर्ट किया गया है। समिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त भारत सरकार के अभिमत के अनुसार कार्यवाही कराने के निर्देश के साथ औपचारिक कार्योत्तर अनुमोदन प्रदान किया गया।

ii- **Infrastructure development at Govt. Agriculture Farms परियोजना लागत रू0 2169.10 लाख :–** एस0एल0पी0एस0सी0 की बैठक दिनांक 06.03.2020 में धनराशि रू0 425.00 लाख के सापेक्ष अनुमोदित 50 हार्स पॉवर के 50 ट्रैक्टरों के स्थान पर 60 हार्स पॉवर के 75 ट्रैक्टरों का क्रय जेम पोर्टल के माध्यम से करने हेतु एस0एल0एस0सी0 के अनुमोदनार्थ संस्तुति की गयी है। भारत सरकार द्वारा समस्त ट्रैक्टर की जियो टैगिंग कराने के निर्देश के साथ प्रस्ताव को सपोर्ट किया गया है। समिति द्वारा भारत सरकार के निर्देशानुसार कार्यवाही कराने के निर्देश के साथ वर्ष 2020–21 के लिए यथा प्रस्ताव संशोधित भौतिक लक्ष्यों का अनुमोदन प्रदान किया गया। इस हेतु पृथक से कोई धनराशि देय नहीं होगी।

4.2- राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान रहमानखेड़ा :–

i. **Construction of boundary wall at State Institute for Management of Agriculture (SIMA), Rehmankhera परियोजना लागत रू0 499.95 लाख :–** एस0एल0एस0सी0 की बैठक दिनांक 21.05.2019 में अनुमोदित कार्य योजना लागत रू0 499.95 लाख के सापेक्ष स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार कार्य मदवार अनुमोदित धनराशि एवं लक्ष्यों में प्रस्तावित आतंरिक परिवर्तनों के सम्बन्ध में एस0एल0पी0एस0सी0 की बैठक दिनांक 06.03.2020 में संस्तुति की गयी है। भारत सरकार द्वारा प्रस्ताव को सपोर्ट किया गया है। समिति द्वारा यथा प्रस्तावित संशोधनों के सम्बन्ध में अनुमोदन प्रदान किया गया।

4.3- पशुपालन विभाग :–

i- **Animal Health Sub-scheme कार्ययोजना लागत रू0 801.60 लाख :–** एस0एल0पी0एस0सी0 की बैठक दिनांक 06.03.2020 में एनीमल हेल्थ उपयोजना के कार्य घटक Establishment of Glanders surveillance unit हेतु अनुमोदित धनराशि रू0 135.00 लाख के अन्तर्गत ग्लैण्डर सर्विलांस की

03 इकाईयों की स्थापना गोरखपुर, लखनऊ एवं आगरा के स्थान पर पशु चिकित्सा कालेज/विश्वविद्यालयों यथा पी0डी0डी0यू0–मथुरा, अयोध्या एवं मेरठ में कराये जाने की संस्तुति की गई है। भारत सरकार द्वारा ''डी0ए0एच0डी0, नई दिल्ली द्वारा अनुमोदन किया जा सकता है'' के निर्देश दिये गये हैं। समिति द्वारा तद्नुसार डी0ए0एच0डी0, नई दिल्ली का सकारात्मक अभिमत प्राप्त करने के निर्देश के साथ स्थल परिवर्तन के प्रस्ताव का अनुमोदन प्रदान किया गया।

ii- **Strengthening of goat and Sheep breeding farm of U.P. कार्ययोजना लागत रू0 435.35 लाख** :– एस0एल0पी0एस0सी0 की बैठक दिनांक 06.03.2020 में पशुपालन विभाग के बकरी एवं भेड़ प्रजनन प्रक्षेत्र, बहोदरा, जालौन के सुदृढ़ीकरण हेतु पूर्व अनुमोदित कार्ययोजना लागत रु0 435.35 लाख के सापेक्ष स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार कार्यघटकों में आंतरिक परिवर्तन के प्रस्ताव लागत रू0 435.28 लाख के सम्बन्ध में एस0एल0एस0सी0 का औपचारिक कार्योत्तर अनुमोदन प्राप्त करने की संस्तुति की गई है। भारत सरकार द्वारा संशोधन के प्रस्ताव को सपोर्ट किया गया है। समिति द्वारा संशोधित कार्ययोजना लागत रू0 435.28 लाख का अनुमोदन प्रदान किया गया।

4.4- उ0प्र0 पशुधन विकास परिषद लखनऊ :–

i- **Animal genetic disorder diagnostic and reproductive immunology laboratory कार्ययोजना लागत रू0 160.50 लाख** :– एस0एल0पी0एस0सी0 की बैठक दिनांक 06.03.2020 में पूर्व अनुमोदित कार्ययोजना लागत रू0 160.50 लाख के सापेक्ष जी0एस0टी0 की धनराशि रू0 7.14 लाख को सम्मिलित करते हुए संशोधित लागत रू0 167.64 लाख के अनुमोदन की संस्तुति की गयी है। भारत सरकार द्वारा जी0एस0टी0 हेतु रू0 7.14 लाख के प्रस्ताव को सपोर्ट किया गया है। समिति द्वारा जी0एस0टी0 की धनराशि सहित संशोधित कार्ययोजना लागत रू0 167.64 लाख का अनुमोदन वर्ष 2020–21 के लिए प्रदान किया गया।

ii. **Strengthening and modernization of deep frozen semen station, Manjhra (Kheri) - Part-II कार्ययोजना लागत रू0 539.08 लाख** :– परियोजना के अन्तर्गत प्रस्तावित निर्माण सम्बन्धी कार्यो हेतु रू0 252.28 लाख के स्थान पर स्थलीय आवश्यकताओं के अनुसार यू0पी0पी0डब्लू0डी0 की दरों पर रू0 325.13 लाख के आगणन गठित हुए हैं। तद्नुसार अतिरिक्त धनराशि रू0 72.85 लाख की और आवश्यकता है। तद्क्रम में संशोधित लागत रू0 611.93 लाख के अनुमोदन की संस्तुति एस0एल0पी0एस0सी0 की बैठक दिनांक 06.03.2020 में की गई है। भारत सरकार द्वारा कार्य पूर्ति–प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश के साथ संशोधित परियोजना लागत रू0 611.93 लाख को सपोर्ट किया गया है। समिति द्वारा भारत सरकार के निर्देशानुसार कार्यवाही करने तथा संशोधित कार्ययोजना लागत रू0 611.93 लाख का अनुमोदन प्रदान किया गया।

4.5- रेशम विभाग :–

i. **Development of infrastructure for qualitative silk production कार्ययोजना लागत रू0 1489.99 लाख** :– एस0एल0पी0एस0सी0 की बैठक दिनांक 06.03.2020 में परियोजनान्तर्गत 58 सोलर इर्रीगेशन पम्पों हेतु रू0 3.53 लाख की दर से अनुमोदित धनराशि रू0 204.74 लाख की सीमा अन्तर्गत 58 पम्पों के स्थान पर 62 सोलर इर्रीगेशन पम्पों की स्थापना के सम्बन्ध में एस0एल0एस0सी0 के अनुमोदनार्थ संस्तुति की गई है। भारत सरकार द्वारा समस्त सोलर पम्पों की

जियो टैगिंग कराने के निर्देश के साथ प्रस्ताव को सपोर्ट किया गया है। समिति द्वारा भारत सरकार के निर्देशानुसार जियो–टैगिंग कराने के निर्देश के साथ परियोजनान्तर्गत उपलब्ध धनराशि के सीमान्तर्गत 58 पम्पों के स्थान पर 62 सोलर इर्रीगेशन पम्पों की स्थापना के सम्बन्ध में औपचारिक कार्योत्तर अनुमोदन प्रदान किया गया।

5. वर्ष 2020–21 हेतु नवीन परियोजना प्रस्तावों पर विचार :–

समिति के समक्ष एजेण्डा–V.अ पर पृष्ठ संख्या–39 से 119 तक पर वर्ष 2020–21 हेतु आर0के0वी0वाई0–सामान्य के अन्तर्गत कुल रू0 706.86 करोड़ की विभाग/संस्थावार परियोजनायें समिति के समक्ष प्रस्तुत की गई। समिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त कृषि एवं सम्वर्गीय विभागों/संस्थाओं की निम्नानुसार रू0 700.74 करोड़ की परियोजनाएं वर्ष 2020–21 के लिए अनुमोदित की गई :–

(धनराशि रू0 लाख में)

S.N.	Project name	Stream	Approved cost for 2020-21
I	**Agriculture**		
1	Multipurpose seed store and technology dissemination center (Kisan Kalyan Kendra)	P2	8014.00
2	Integrated Cereal Development Programme- Rice	F	1600.00
3	Integrated Cereal Development Programme- Wheat	F	5750.00
4	The Million Farmers School Kisan Pathshala	F	1330.20
5	Adaptive trials/ demonstrations of Regional Agricultural Testing and demonstration Station to Agriculture research	F	167.25
6	Establishment of ICP-OES (Inductively Coupled Plasma Optical Emmission Spectrophotometer) in soil testing laboratories	P2	360.00
7	Strengthening of bio-control labs	P1	104.61
8	Development of Government Agriculture Farm, Ramnagar, District Barabanki as model farm	P1	314.07
9	Farm pond for rain water conservation in Bundelkhand region of U.P.	P1	1781.00
10	Construction of boundary wall at Agriculture workshop of Baitalpur, District Deoria	P1	54.95
11	Impact assessment of Centrally sponsored scheme viz. NFSM, ICDP, BGREI and NMOOP in enhancement of productivity of crops	Admi	60.70
12	Construction of administrative building at Rajkiya Krishi Vidhyalaya, Gorakhpur	P1	990.94
13	Construction of hostel in Rajkiya Krishi Vidhyalaya, Gorakhpur	P1	999.81
14	Establishment of vermi-compost unit for increasing organic matter in the soil	V	3878.12
15	Bringing Green Revolution in Eastern India (BGREI)	S	7063.00
16	Organic Cluster under Namame Gange Scheme (Rs. 6803.40 lakh for 3 yr)	S	2245.12
	Sub-total		**34713.77**
II	**SIMA, Rehmankhera**		
17	Technical training for agriculture mechanization	F	105.06
18	Waterline and RCC road at State Institute for Management of Agriculture, Rehmankhera	P1	212.78
19	Development of Government Agriculture Farm, Rehmankhera and Sahlamau under SIMA, Rehmankhera as model farm	P1	402.58
	Sub-total		**720.42**

S.N.	Project name	Stream	Approved cost for 2020-21
III	**UP Beej Vikas Nigam**		
20	Construction of Godown, CC road and other construction and renovation works at Seed Processing Plant, Etawah	P2	**310.48**
IV	**Sugarcane**		
21	High quality sugarcane seed production and distribution programme	F	742.14
22	Enhancing Sugarcane production in U.P.	F	942.62
	Sub-total		**1684.76**
V	**Horticulture**		
23	Horticulture development for 30 Non-NHM districts under RKVY	F	3867.69
24	Strengthening of Government nurseries and farms under RKVY	P1	5042.24
25	Betelvine development in U.P.	P1	250.01
26	Establishment of Hi-tech nursery seedling production units (Mini Center of Excellence)	P1	520.00
27	Strengthening of Hi-tech nursery seedling production units (Mini Center of Excellence), Seehmai, Kariraat, Ambedkarnagar	P2	94.75
	Sub-total		**9774.69**
VI	**Sericulture**		
28	Renovation of Government Sericulture farm at Barwa, Semra, District Deoria	P1	54.13
29	Development of infrastructure facilities at Sericulture Govt. farm to increase silk production	P1	872.17
	Sub-total		**926.30**
VII	**Animal Husbandry**		
30	PPR vaccination in small ruminants	F	285.79
31	HS vaccination in RKVY	F	2185.84
32	Glanders/Farcy Surveillance Scheme in public welfare	F	183.70
33	Additional Fodder Development Programme (AFDP)	S	0.00
	Sub-total		**2655.33**
VIII	**Fisheries**		
34	Promotion of aquaculture by increasing coverage through establishment of private ponds	P1	1785.00
35	New pond construction with shrimp culture in Agra and Aligarh division	P1	126.00
	Sub-total		**1911.00**
IX	**Cooperative**		
36	Construction of godown at PACs	P2	**2318.50**
X	**DASP**		
37	Crop Diversification Program in Original Green Revolution States (CDP-OGRS)	S	4253.11
38	Crop Diversification Program for replacing Tobacco farming (CDP-TR)	S	103.49
	Sub-total		**4356.60**
XI	**CSAUAT, Kanpur**		
39	Participatory vegetable quality seed production to enhance vegetable production in U.P.	F	48.00
40	Strengthening of 07 Krishi Vigyan Kendra of CSAUAT, Kanpur	P1	1394.84
	Sub-total		**1442.84**
XII	**ANDUAT, Ayodhya**		
41	Establishment of Agriculture Technology park	P1	472.00

S.N.	Project name	Stream	Approved cost for 2020-21
42	Strengthening of parasitological laboratory with advance diagnostic facilities for detection of parasitic diseases	P2	92.77
43	Collection, identification and distribution of relatively high iron and zinc containing genotypes among farmers for fulfillment of nutritional requirement of rice eating poor consumers	F	23.00
44	Demonstration of drip irrigation/ fertigation under diversified cropping system	P1	36.20
45	Establishment of centre for training, research and production of biofertilizer and bio-pesticide formulation for the benefit of farmers in Eastern U.P.	P1	287.95
46	Renovation and establishment of New Polycarbonate Green House and Net House for Nursery production and cultivation of horticultural crops	P1	72.25
47	Mechanization of fodder farm based on agriculture implements and establishment of silage making machine for proper utilization of farm wastes	P1	111.50
48	Ergonomic laboratory for ergonomic risk analysis and reducing health hazard of farm women	F	40.35
49	Strengthening of 07 KVKs of ANDUAT, Ayodhya	P1	2099.74
	Sub-total		**3235.76**
XIII	**SVPUAT, Meerut**		
50	Establishment of referral analytical laboratory for microbial toxins and environment pollutants/ toxicants	P2	393.00
51	Strengthening of 07 Krishi Vigyan Kendra of SVBPUAT, Meerut	P1	1358.09
	Sub-total		**1751.09**
XIV	**BUAT, Banda**		
52	Development of farm for seed production and research	P1	748.00
53	Establishment of Central Laboratory facilities at BUAT, Banda	P1	925.00
54	Developing climate resilient onion based production model for enhancing productivity and alleviating poverty of small and marginal farmers of Bundelkhand region	F	52.34
55	Socio-economic upliftment of tribal population of Bundelkhand region through agricultural interventions	F	319.37
56	Popularization and adoption of modern irrigation techniques for economical empowerment of farming community of Bundelkhand region	P1	69.00
	Sub-total		**2113.71**
XV	**SHUATS, Prayagraj**		
57	Doubling farmers income through protected cultivation of high value vegetables through farmers participatory approach in Prayagraj	P1	64.04
58	Farm strengthening for Pulse Breeder Seeds production at Lohra farm, SHUATS, Prayagraj	P1	139.84
59	Production, characterization and promotion of Dragon fruit for doubling farmers income under water scarse land of Prayagraj	F	107.20
60	Skill development and supply of quality planting materials of medicinal plants to nearby farmers of Prayagraj	F	134.30
61	Establishment of poly housed hydroponic facility for soilless farming system and skill development of farmers in Prayagraj	P1	185.50
	Sub-total		**630.88**

S.N.	Project name	Stream	Approved cost for 2020-21
XVI	**PDDU, Mathura**		
62	Establishment of A2 Genotype Testing laboratory for Cattle of Uttar Pradesh	P1	99.95
63	Capacity Building & Entrepreneurship development of farming community through establishment of community radio station	P1	98.57
	Sub-total		**198.52**
XVII	**CISH, Lucknow**		
64	Development of vertical farming designs for urban horticulture to ensure the nutritional and economic security	F	**45.00**
XVIII	**IISR, Lucknow**		
65	Construction of boundary wall at newly opened KVK-II, Lakhimpur Kheri	P2	**238.89**
Pre-harvest infrastructure		P1	**21672.76**
Post-harvest infrastructure		P2	**11822.39**
Value addition linked programme		V	**3878.12**
Flexi fund		F	**17929.85**
Sub-total			**55303.12**
Administrative (2%) included project at S.N. 11			**1106.06**
Normal RKVY			**56409.18**
Sub-scheme			**13664.72**
Grand total			**70073.90**

समिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त वर्ष 2020–21 के लिए रू0 70073.90 लाख की परियोजनाऐं अनुमोदित की गई तथा निम्नवत् निर्देश दिये गये :–

5.1 कृषि विभाग

i. समिति द्वारा Model multipurpose seed store and technology dissemination center (Kisan Kalyan Kendra) परियोजना लागत रु0 8014.00 लाख का अनुमोदन प्रदान करते हुए पुराने राजकीय बीज भण्डारों के स्थान पर ही किसान कल्याण केन्द्रों का निर्माण कराने के निर्देश दिये गये। समिति द्वारा यह निर्देश भी दिये गये कि किसान कल्याण केन्द्र के भवन में विकास खण्ड का कोई भी कार्यालय स्थानान्तरित न किया जाय। यदि किसी विकास खण्ड में नवीन स्थल पर किसान कल्याण केन्द्र का निर्माण कराया जाना आवश्यक हो, तो सहकारिता विभाग के साथ समन्वय कर भूमि की उपलब्धता के आधार पर समेकित भण्डारागारों का निर्माण कराने पर बल दिया जाय।

ii. समिति द्वारा भारत सरकार का सकारात्मक अभिमत प्राप्त करने के प्रतिबंध के साथ Adaptive trials/ demonstrations of Regional Agricultural Testing and demonstration Station to Agriculture research परियोजना लागत रु0 167.25 लाख का अनुमोदन वर्ष 2020–21 के लिए प्रदान किया गया।

iii. समिति द्वारा भारत सरकार का सकारात्मक अभिमत प्राप्त करने के प्रतिबंध के साथ Establishment of ICP-OES (Inductively Coupled Plasma Optical Emmission

Spectrophotometer) in soil testing laboratories परियोजना लागत रु0 360.00 लाख का अनुमोदन वर्ष 2020–21 के लिए प्रदान किया गया।

iv. समिति द्वारा भारत सरकार का सकारात्मक अभिमत प्राप्त करने के प्रतिबंध के साथ Strengthening of bio-control labs परियोजना लागत रु0 104.61 लाख का अनुमोदन वर्ष 2020–21 के लिए प्रदान किया गया।

v. समिति द्वारा भारत सरकार का सकारात्मक अभिमत प्राप्त करने के प्रतिबंध के साथ Farm pond for rain water conservation in Bundelkhand region of U.P. परियोजना लागत रु0 1781.00 लाख का अनुमोदन वर्ष 2020–21 के लिए प्रदान किया गया।

vi. समिति द्वारा Impact assessment of Centrally sponsored scheme viz. NFSM, ICDP, BGREI and NMOOP in enhancement of productivity of crops परियोजना लागत रु0 60.70 लाख का वित्त पोषण आर0के0वी0वाई0 के प्रशासनिक मद में उपलब्ध धनराशि के अन्तर्गत करने के निर्देश के साथ वर्ष 2020–21 के लिए अनुमोदन प्रदान किया गया।

vii. समिति द्वारा बी0जी0आर0ई0आई0 उपयोजना के सम्बन्ध में भारत सरकार का सकारात्मक अभिमत/अनुमोदन प्राप्त करने के प्रतिबंध के साथ Bringing Green Revolution in Eastern India (BGREI) कार्ययोजना लागत रु0 7063.00 लाख का अनुमोदन वर्ष 2020–21 के लिए प्रदान किया गया। साथ ही उपयोजना के अन्तर्गत जनपद अमेठी एवं देवरिया को सम्मिलित करते हुए पूर्वी उत्तर प्रदेश के 16 जनपदों में क्रियान्वयन कराने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया।

viii. समिति द्वारा भारत सरकार का सकारात्मक अभिमत प्राप्त करने के प्रतिबंध के साथ Organic Cluster under Namame Gange Scheme परियोजना लागत रू0 6803.40 लाख (03 वर्षो के लिए) एवं वर्ष 2020–21 के लिए लागत रु0 2245.12 लाख का अनुमोदन प्रदान किया गया। उपयोजना का क्रियान्वयन प्रदेश में गंगा के किनारे के 10 जनपदों में कराने एवं वित्त पोषण भारत सरकार के अनुमोदन एवं पृथक केन्द्रॉश प्राप्ति के अनुसार सुनिश्चित कराया जाए।

ix. समस्त प्रस्तावित निर्माण कार्य सी0पी0डब्लू0डी0/यू0पी0पी0डब्लू0डी0 की दरों, जो भी कम हो पर कराये जाय।

5.2 सीमा रहमानखेड़ा :–

i- समिति द्वारा भारत सरकार का सकारात्मक अभिमत प्राप्त करने के प्रतिबंध के साथ Technical training for agriculture mechanization परियोजना लागत रु0 105.06 लाख का अनुमोदन वर्ष 2020–21 के लिए प्रदान किया गया।

ii- समिति द्वारा भारत सरकार का सकारात्मक अभिमत प्राप्त करने के प्रतिबंध के साथ Waterline and RCC road at State Institute for Management of Agriculture, Rehmankhera परियोजना लागत रु0 212.78 लाख का अनुमोदन वर्ष 2020–21 के लिए प्रदान किया गया।

iii- समिति द्वारा भारत सरकार का सकारात्मक अभिमत प्राप्त करने के प्रतिबंध के साथ Development of Government Agriculture Farm, Rehmankhera and Sahlamau under SIMA, Rehmankhera as model farm परियोजना लागत रु0 402.58 लाख का अनुमोदन वर्ष 2020–21 के लिए प्रदान किया गया।

iv- समस्त प्रस्तावित निर्माण कार्य सी0पी0डब्लू0डी0/यू0पी0पी0डब्लू0डी0 की दरों, जो भी कम हो पर कराये जाय।

5.3 उ0प्र0 बीज विकास निगम :–

